दे दो दर्शन भावनी हमे

दे दो दर्शन भवानी हमे पाहुनी
तोरे पैय्या पडू महारानी

अपनी पलको से अंगना बुहारूँगा मै
तेरे मंदिर को धो कर सवारूँगा मै
भर के लाया हूँ आंसूअन भरी गागरी
तोरे पैय्या पडू महारानी

मै तो जोगी हूँ मैया बड़ा बावरा
क्या है खोटा खरा मै नही जानता
तार दे तार दे हे जगततारणी
तोरे पैय्या पडू महारानी

तेरे मूरत में वारे रहू दो नयन
तेरे महिमा के गाता रहूंगा भजन
मेरी जीवन की बगिया माँ करदो हरि
तोरे पैय्या पडू महारानी

मै तो नादान हूँ फस गया जाल में
काम और क्रोध मद लोभ की चाल में
डाल दे सर पे करुणामयी चाँदनी
तोरे पैय्या पडू महारानी

गायक - राकेश तिवारी
अपलोड - सुनील रैकवार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35271/title/de-do-darshan-bhavani-hume

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |